दूरभाष व फैक्सः (01342) 260434
ई–मेल :– robijnaur@uppcb.com

# उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड

क्षेत्रीय कार्यालयः महर्षि दयानन्द नगर, निकट सैण्टमेरी स्कूल, आदमपुर–चक्कर रोड, बिजनौर–246701

सन्दर्भ सं0 : 46/D-1/अनापत्ति-2020 दिनांक : 14-5-2020

सेवा में,

जिला पूर्ति अधिकारी
बिजनौर।

विषय– मैसर्स इण्डियन ऑयलन कार्पोरेशन लि0, मुरादाबाद द्वारा प्रस्तावित रिटेल आउटलेट खसरा सं0–24 के हिस्से वाली भूमि, ग्राम–ज्योठी (एसएच–12), तहसील–धामपुर, जिला–बिजनौर की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अपने पत्र सं0–2874 / जि0पू0अ0–एन0ओ0सी0 / 2019 दिनांक–06 दिसम्बर, 2019, का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के अनुक्रम में प्रस्तावित स्थल की स्थलीय जाँच करायी गयी। निरीक्षण आख्या के अनुसार रिटेल आउटलेट का प्रस्तावित स्थल खसरा सं0–24 के हिस्से वाली भूमि, ग्राम–ज्योठी (एसएच–12), तहसील–धामपुर, जिला–बिजनौर में स्थित है। रिटेल आउटलेट द्वारा एम0एस0 (पेट्रोल) 1×20 कि0ली0 एवं एच0एस0डी0 (डीजल) 2×20 कि0ली0 टैंकों की स्थापना एवं भण्डारण किया जाना प्रस्तावित है। रिटेल आउटलेट के प्रस्तावित स्थल से पूरब दिशा में कृषि भूमि, पश्चिम दिशा में कृषि भूमि, उत्तर दिशा में हल्दौर–नहटौर रोड तथा दक्षिण दिशा में कृषि भूमि स्थित है।

अतः उक्त इकाई को प्रस्तावित स्थल पर एम0एस0 (पेट्रोल) 1×20 कि0ली0 एवं एच0एस0डी0 (डीजल) 2×20 कि0ली0 टैंकों की स्थापना एवं भण्डारण हेतु निम्नलिखित शर्तो के अधीन संस्तुति की जाती है।

शर्ते :–

1. रिटेल आउटलेट द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों (एम0एस0 एवं एच0एस0डी0) का भण्डारण प्रस्तावित स्थल के सन्निकट स्थित विद्युत लाइन से यथासंभव दूरस्थ तथा अग्निशमन विभाग के प्राविधानों के अनुरूप किया जाये।
2. रिटेल आउटलेट द्वारा पेट्रोलियम पदार्थो (एम0एस0 एवं एच0एस0डी0) का भण्डारण एक्सप्लोसिव डिपार्टमेंट की मार्गदर्शिका के अनुसार ही किया जाना सुनिश्चित किया जाए।
3. रिटेल आउटलेट द्वारा आकस्मिक दुर्घटनाओं के बचाव हेतु ऑन साइट मैनेजमेंट प्लान तैयार कर इसका अनुमोदन संबंधित विभाग से कराकर इस कार्यालय में तीन माह में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।
4. रिटेल आउटलेट द्वारा डीजल/पेट्रोल के वाष्पन के नियन्त्रण हेतु वेपर रिकवरी सिस्टम की स्थापना सुनिश्चित की जाए।
5. इकाई द्वारा प्रस्तावित स्थल का भू–प्रयोग व्यवसायिक प्रयोग हेतु सक्षम अधिकारी से प्रमाण पत्र प्राप्त कर इस कार्यालय में तीन माह में प्रस्तुत किया जाये।

मधुप द्विवेदी / Madhup Dwivedi
वरिष्ठ प्रबंधक (रिटेल सेल्स) / Senior Manager (Retail Sales)
इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि० (एम० डी०)
Indian Oil Corporation Limited (M.D.)
मुरादाबाद मण्डल कार्यालय / Moradabad Divisional Office
कोल्ड स्टोरेज के सामने दिल्ली रोड, एन. एच.24
Opp. Cold Storage Delhi Road N.H. 24
पो० पाकबड़ा, मुरादाबाद-244102 (उ० प्र०)
P.O. Pakbara, Moradabad-244102 (U.P.)

भवदीय,

(जे0पी0मौर्य)
क्षेत्रीय अधिकारी